1. निम्नलिखित में से कौन-से हड़प्पीय लोगों के मनोरंजन के साधन थे ?

(i) शतरंज

(ii) पासा

(iii) नृत्य

(iv) शिकार

नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल (i) और (ii)

(2) केवल (ii) और (iii)

(3) केवल (i), (ii) और (iii)

(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

2. सामञ्जफलसुत्त, जो गौतम बुद्ध के समकालीन छः प्रसिद्ध श्रमणों के विचारों के विषय में महत्वपूर्ण सूचना प्रदान करता है, सुत्तपिटक के किस निकाय से सम्बन्धित है ?

(1) दीघ-निकाय

(2) मज्झिम-निकाय

(3) संयुत्त-निकाय

(4) अंगुत्तर-निकाय

3. निम्नलिखित में से कौन-सा हर्यंक शासक जैन साहित्य में 'कुणिक' के रुप में उल्लेखित है ?

(1) बिम्बिसार

(2) अजातशत्रु

(3) उदायिन

(4) नागदासक

4. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए :

**वक्तव्य (I)** : श्रावस्ती का धनी-श्रेष्ठि मिगार नग्न श्रमणों के धर्म का सच्चा अनुयायी था।

**वक्तव्य (II)** : अपनी नवविवाहिता पुत्र वधू के प्रभाव में वह बौद्ध धर्मानुयायी हो गया है।

नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) **वक्तव्य (I)** सही है, किन्तु **वक्तव्य (II)** गलत है।

(2) **वक्तव्य (I)** गलत है, किन्तु **वक्तव्य (II)** सही है।

(3) **वक्तव्य (I)** और **(II)** दोनों सही हैं।

(4) **वक्तव्य (I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

TELEGRAM - @TEACHINGEXAM FOR UTET DSSSB KVS AND OTHER EXAM



**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है :

| | **तीर्थंकर** | **उनका प्रतीक-चिन्ह** |
|---|---|---|
| (1) | ॠषभनाथ | हस्ति |
| (2) | नेमिनाथ | शंख |
| (3) | पार्श्वनाथ | सर्प |
| (4) | महावीर | सिंह |

**6.** **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिए गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (समुद्रगुप्त के समकालीन दक्षिणापथ के शासक)** | | **सूची-II (उनका राज्य)** |
|---|---|---|---|
| (a) | दमन | (i) | देवराष्ट्र |
| (b) | हस्तिवर्मा | (ii) | एरण्डपल्ल |
| (c) | कुबेर | (iii) | पालक्क |
| (d) | उग्रसेन | (iv) | वेंगी |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**7.** निम्नलिखित शैव-विभूतियों को तिथिक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) अप्पर

(ii) लकुलीश

(iii) श्रीकण्ठ

(iv) बसव

नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**8.** मुकुंदमाला, संस्कृत में रचित प्रसिद्ध भक्ति-कविता, की रचना किसने की थी ?

(1) नम्म ने

(2) पेरिय ने

(3) पौयकै ने

(4) कुलशेखर ने

**9.** मालविकाग्निमित्रम् में वर्णित एक नृत्य प्रतियोगिता में निम्नलिखित में से किसने निर्णायक की भूमिका निभायी थी ?

(1) गणदास

(2) हरदत्त

(3) कात्यायनी

(4) कौशिकी

**10.** अशोक द्वारा किये गये निम्नलिखित कार्यों को तिथिक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) आजीविकों को दो गुहाओं का दान

(ii) लुम्बिनी की तीर्थयात्रा

(iii) बोधगया की तीर्थयात्रा

(iv) कोणागमन बुद्ध के स्तूप का विस्तार

नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (iii) (i) (iv) (ii)

(2) (ii) (iii) (i) (iv)

(3) (i) (ii) (iii) (iv)

(4) (iv) (i) (ii) (iii)

**11.** एलोरा की निम्नलिखित गुफाओं में से कौन ब्राहमण धर्म से सम्बन्धित हैं ?

(i) धूमेर लेण

(ii) इन्द्रसभा

(iii) जगन्नाथ सभा

(iv) रावण की खाई

नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल (i) और (ii)

(2) केवल (iii) और (iv)

(3) केवल (i) और (iv)

(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**12.** निम्नलिखित आलवारों में से कौन स्त्री–संत थी ?

(1) अंडाल

(2) नम्म

(3) पेरिय

(4) पौयकै

**13.** जुलियस सीजर रोम का 'डिक्टेटर' था, मात्र :

(1) 3 वर्ष के लिए

(2) 5 वर्ष के लिए

(3) 7 वर्ष के लिए

(4) 10 वर्ष के लिए

**14.** हम्मूराबी अपनी विधि संहिता के लिए प्रसिद्ध है, जिसे वह निम्नलिखित से किसी एक देवता से प्राप्त करने का दावा करता है ?

(1) शमश

(2) अनु

(3) एनलिल

(4) नन्नार

**15.** सुमेर में गिल्गामेश का आख्यान अत्यन्त प्रसिद्ध था। वह गिल्गामेश राजा था :

(1) एरेक का

(2) सिप्पर का

(3) निप्पुर का

(4) लगश का

**16.** निम्नलिखित में से उन भू-भागों की पहचान कीजिए जहाँ पर प्रथम नगरीकरण का विकास किया गया :

(1) आर्द्र क्षेत्रों में

(2) नम क्षेत्रों में

(3) शुष्क क्षेत्रों में

(4) अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में

**17.** निम्नलिखित किस हड़प्पन पुरास्थल पर पकी मिट्टी का हल मिला है ?

(1) बनावली

(2) दौलतपुर

(3) मोहनजोदड़ो

(4) पादरी

**18.** निम्नलिखित पुरातात्विक पुरास्थलों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) पादरी

(ii) अमरी

(iii) शिशुपालगढ़

(iv) तक्षिला

नीचे दिये गये **कूट** में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (ii) (i) (iv) (iii)
(2) (iii) (iv) (i) (ii)
(3) (iv) (i) (iii) (ii)
(4) (ii) (iii) (i) (iv)

**19.** निम्नलिखित को उनके तकनीकी विकास क्रम की दृष्टि से कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) पकी मिट्टी का ठोस पहिया

(ii) पकी मिट्टी का ठोस पहिया नाभिच्छद सहित

(iii) ताड़ीदार पहिया

(iv) बेलन

नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i) (iv) (ii) (iii)
(2) (iv) (i) (ii) (iii)
(3) (iii) (ii) (iv) (i)
(4) (ii) (iii) (i) (iv)

**20.** निम्नलिखित में कौन वेदांग का अंग नहीं है ?

(1) कल्प

(2) निरुक्त

(3) छंद

(4) सूत्र

**21.** प्राचीन बैक्ट्रिया क्षेत्र में हड़प्पीय संस्कृति की उपस्थिति के चिन्ह किस पुरास्थल/पुरास्थलों से दृष्टिगोचर होता है/होते हैं :

(i) हिस्सार

(ii) मुंडीगाक

(iii) शाह तेपे

(iv) शोर्तुघई

नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल (i)

(2) केवल (iv)

(3) केवल (ii) और (iv)

(4) केवल (i), (ii) और (iii)

**22.** **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए **कूट** से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (बौद्ध संगीति)** | | **सूची-II (कार्यक्रम-स्थल)** |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रथम बौद्ध संगीती | (i) | वैशाली |
| (b) | द्वितीय बौद्ध संगीती | (ii) | कश्मीर |
| (c) | तृतीय बौद्ध संगीती | (iii) | राजगृह |
| (d) | चतुर्थ बौद्ध संगीती | (iv) | पाटलीपुत्र |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**23.** **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए **कूट** से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (पुस्तक)** | | **सूची-II (लेखक)** |
|---|---|---|---|
| (a) | हिस्ट्री ऑफ सातवाहना इन द दक्कन | (i) | एच. सी. रायचौधरी |
| (b) | हिस्ट्री ऑफ धर्मशास्त्राज | (ii) | आर. जी. भण्डारकर |
| (c) | पॉलिटिकल हिस्ट्री ऑफ एन्शियन्ट इण्डिया | (iii) | पी. वी. काने |
| (d) | हिस्ट्री ऑफ साउथ इण्डिया | (iv) | के. ए. नीलकण्ठ शास्त्री |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**24.** **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दीए गए **कूट** से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (पुस्तक)** | | **सूची-II (लेखक)** |
|---|---|---|---|
| (a) | हिन्दु पालिटी | (i) | डी. डी. कोसाम्बी |
| (b) | द वण्डर दैट वाज़ इण्डिया | (ii) | आर. सी. मजूमदार |
| (c) | द स्टडी ऑफ इण्डियन हिस्ट्री | (iii) | के. पी. जायसवाल |
| (d) | हिस्ट्री एण्ड कल्चर ऑफ द इण्डियन पीपल | (iv) | ए. एल. बाशम |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

25. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (साहित्य)** | | **सूची-II (भाषा)** |
|---|---|---|---|
| (a) | उत्तर वैदिक साहित्य | (i) | तमिल भाषा |
| (b) | प्रारम्भिक बौद्ध साहित्य | (ii) | अर्धमागधी भाषा |
| (c) | जैन साहित्य | (iii) | पाली भाषा |
| (d) | संगम साहित्य | (iv) | संस्कृत भाषा |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

26. निम्नलिखित को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) आर्यभट्ट

(ii) वराहमिहिर

(iii) आपस्तम्भ

(iv) चारवाक

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

27. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं। एक को **कथन (A)** और दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है :

**कथन (A)** : संगम साहित्य में तमिल क्षेत्र के कई नगरों का उल्लेख मिलता है।

**कारण (R)** : इन शहरों में एक कावेरीपत्तनम है जिसकी पुरातात्विक उत्खनन में पुष्टि हुई है।

उपर्युक्त दो वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा **सही** है ?

(1) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है

(2) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है

(3) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है

(4) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है

**28.** निम्नलिखित में से किसका आयात प्राचीन मेसोपोटामियन में नहीं किया जाता था ?

(1) तांबा

(2) टिन

(3) वस्त्र

(4) लकडी

**29.** निम्नलिखित में से उस विकल्प की पहचान कीजिए जो अन्य तीन के साथ मेल नहीं खाता है :

(1) सुमेरियन

(2) अक्केडियन

(3) बेबिलोनियन

(4) असीरियन

**30.** दक्षिणी मेसोपोटामिया में मानव अधिवासों का प्रारम्भ लगभग इस काल में हुआ :

(1) 6000 बी. सी. ई.

(2) 5000 बी. सी. ई.

(3) 4500 बी. सी. ई.

(4) 4000 बी. सी. ई.

**31.** बुद्ध की निम्नलिखित मुद्राओं में से कौन मारधर्षण मुद्रा के रूप में भी प्रसिद्ध है ?

(1) अभय मुद्रा

(2) वरद मुद्रा

(3) भूमिस्पर्श मुद्रा

(4) महापरिनिर्वाण मुद्रा

**32.** नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं। जिसमें से एक को **कथन (A)** और दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है :

**कथन (A) :** पहली बार 9 वीं व 10 वीं शताब्दियों में क्षेत्रीय भाषाओं के अभिलेख जारी किए गए थे।

**कारण (R) :** इस काल में क्षेत्रीयता का विशेष उभार हुआ।

उपर्युक्त दो वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा **सही** है ?

**कूट :**

(1) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(2) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।

**33.** दिल्ली सल्तनत में 'ममलूक' शब्द क्या इंगित करता था ?

(i) एक अरबी शब्द जिसका अर्थ 'स्वामित्व' है।

(ii) यह शब्द तुर्की से लाये गये उन गुलामों के लिए प्रयुक्त किया जाता था जो मुख्यत: सैन्य सेवा करते थे।

(iii) यह शब्द मुख्यत: उन गरीब गुलामों के लिए प्रयुक्त किया जाता था जिनका उपयोग घरेलू या आर्थिक उद्देश्यों के लिये किया जाता था।

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i) और (ii)

(2) (i) और (iii)

(3) (ii) और (iii)

(4) (i), (ii) और (iii)

**34.** निम्नलिखित में से कौन से कथन दिल्ली सुलतानों के सैन्य संगठन के संदर्भ में सही हैं ?

(i) प्रारंभिक तुर्की सुल्तानों ने अपने तुर्की सिपाहियों को दोआब के कई गाँव उनके वेतन को प्रदान करने के लिए दिए।

(ii) बलबन ने इन सम्पत्तियों के पुर्नग्रहण का प्रयास किया लेकिन उसे अपने आदेश को बदलना पड़ा।

(iii) अलाउद्दीन खलजी ने अपने आदेश द्वारा इन सम्पत्तियों को खारिज कर दिया।

(iv) अलाउद्दीन खलजी प्रथम सुलतान था जिसने अपने सिपाहियों को पूर्ण रुप से नगद वेतन दिया।

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

(1) केवल (i), (ii) और (iii)

(2) केवल (i), (iii) और (iv)

(3) केवल (ii), (iii) और (iv)

(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**35.** तुगलक वास्तुकला के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(1) तुगलक वास्तुकला की एक असाधारण विशेषता ढलावनुमा दीवारें थीं

(2) यह तकनीक 'ढलवाँ' शैली (बैटर; 'batter') कहलाती है और यह इमारतों को शक्ति और मजबुती का आभास देती है

(3) 'ढलवाँ' शैली का प्रयोग फिरोज़ तुगलक की इमारतों में सर्वाधिक स्पष्ट है

(4) तुगलकों ने अपनी इमारतों में आमतौर पर महँगे लाल बलुआ पत्थर का उपयोग नहीं किया, बल्कि सस्ते और अधिक सुप्राप्य सलेटी पत्थर का उपयोग किया।

**36.** 'जब भी मैं किसी निम्न कुल के व्यक्ति को देखता हूँ तो मेरी आँखें जलने लगती हैं और मैं गुस्से से (उसे मारने के लिये) अपनी तलवार की ओर हाथ बढ़ाता हूँ।'

बरनी ने निम्नलिखित में से दिल्ली के किस सुल्तान से उपरोक्त शब्द कहलवाए ?

(1) नसीरुद्दीन महमूद

(2) बलबन

(3) अलाउद्दीन खलजी

(4) मुहम्मद बिन तुगलक

**37.** किस व्यापारी-कवि द्वारा अर्धकथानक लिखा गया था ?

(1) वीरजी वोहरा

(2) सदासुख लाल

(3) बनारसीदास

(4) बिहारी लाल

**38.** निम्नलिखित में से, क़ाज़ियों के मार्गदर्शन के लिए, उलमा की एक समिति का गठन कर, औरंगज़ेब द्वारा हनफ़ी फिक़्ह (कानून) के किस ग्रंथ का संकलन किया गया?

(1) फतवा-ए जहांदारी

(2) सियासत नामा

(3) नसीहत-उल मुलूक

(4) फतवा-ए आलमगीरी

**39.** निम्नलिखित मध्य एशियाई, अरबी और ईरानी यात्रियों को आरोहीक्रम में कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) अब्द अल-रज़्ज़ाक

(ii) इब्न बतूता

(iii) महमूद वली बल्खी

(iv) अबू रेहान अल-बिरूनी

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**40.** निम्नलिखित मुगल सम्राटों/राजकुमारों में से कौन एक निपुण वीणा वादक था ?

(1) जहाँगीर

(2) शहज़ादा दारा

(3) औरंगज़ेब

(4) शहज़ादा मुहम्मद

**41.** निम्नलिखित में से किस मुगल शासक के शासनकाल में चित्रकला के क्षेत्र में रुचियों में एक विशिष्ट बदलाव, हस्तलिपि चित्रण से छवि चित्रण (पोर्ट्रेट) और पृथक लघुचित्रों, के रुप में हुआ ?

(1) हुमायूँ

(2) अकबर

(3) जहाँगीर

(4) शाहजहाँ

**42.** गुरु नानक और भाई मरदाना, भारत के पंजाब क्षेत्र में बाबर के तृतीय आक्रमण के गवाह थे। नानक ने उस आक्रमण को काव्य रूप में संकलित किया। गुरु नानक का यह संकलन क्या कहलाता है ?

(1) बाबर-वाणी

(2) वाकयात-ए बाबर

(3) गुरु का सबद

(4) आदि ग्रंथ

**43.** मूल्य के आधार पर, निम्नलिखित ताँबे के सिक्कों को कालक्रमानुसार छोटे से बड़े के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) जीतल

(ii) अधेला

(iii) दाम

(iv) पौलाह

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (iv), (iii), (ii), (i)

(2) (iii), (iv), (i), (ii)

(3) (i), (ii), (iii), (iv)

(4) (iv), (ii), (i), (iii)

**44.** निम्नलिखित में से किस जैन विद्वान को अकबर ने जगद्गुरु की उपाधि से नवाज़ा ?

(1) हीरविजय सूरी

(2) जिनविजय सूरी

(3) भानुचंद्र

(4) सिद्धिचंद्र

**45.** यदि किसी मनसबदार को बल्ख और बदख्शां में नियुक्त किया जाता था तो उसे दाग (muster) के लिए कितने सवार लाने होते थे ?

(1) सवार श्रेणी का आधा (1/2)

(2) सवार श्रेणी का एक तिहाई (1/3)

(3) सवार श्रेणी का एक चौथाई (1/4)

(4) सवार श्रेणी का एक से पांचवा हिस्सा (1/5)

46. मीर बख़्शी निम्नलिखित में से किन विभागों का प्रभारी था ?

(i) सैन्य विभाग

(ii) साम्राज्य के गुप्तचर एवं सूचना विभाग का प्रमुख

(iii) शाही राजघराना

(iv) राजस्व विभाग

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i), (ii) और (iii)

(2) (ii), (iii) और (iv)

(3) (i) और (ii)

(4) (iii) और (iv)

47. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (शासक राजवंश)** | | **सूची-II (क्षेत्र)** |
|---|---|---|---|
| (a) | निज़ाम शाही | (i) | गोलकुंडा |
| (b) | इमाद शाही | (ii) | बीजापुर |
| (c) | आदिल शाही | (iii) | अहमदनगर |
| (d) | कुतब शाही | (iv) | बरार |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

48. निम्नलिखित में से किस स्थान को बाद में मदीना के नाम से जाना गया ?

(1) कूफा

(2) बसरा

(3) हिजाज़

(4) याथरिब

49. प्रारंभिक अरबी कविता के स्वरूप को क्या कहा जाता था ?

(1) रजाज़

(2) कसीदा

(3) मुआल्लक़त

(4) खमरियाह

50. निम्नलिखित में से कौन मुताज़िला धर्म दर्शन के संस्थापक थे ?

(1) वासिल इब्न अत्ता

(2) अम्र इब्न उबैद

(3) हसन अल-बसरी

(4) अल-गज़ाली

51. उमय्यद खिलाफत की स्थापना निम्नलिखित में से किसके द्वारा की गई थी ?

(1) यज़िद प्रथम

(2) मारवान प्रथम

(3) मुआविया प्रथम

(4) अल-वालिद

52. गेपिडस(Gepids) ने हूणों को आगे बढ़ने से रोका। निम्नलिखित में से किस गेपिडिया (Gepidea) राजा ने हूणों के भाग्य में कील ठोंक दी और 454 सी ई में उन्हें नेदाओ के युद्ध में हराया ?

(1) आर्दरिक

(2) फास्तिदा

(3) गीसमस

(4) मुन्डूस

53. निम्नलिखित में से किसने भरतपुर दुर्ग पर घेरा डाला जो असफल रहा ?

(1) सर चार्ल्स नेपियर

(2) लॉर्ड लेक

(3) मेजर ब्रोडफुट

(4) लॉर्ड गौफ

54. निम्नलिखित में से किस पर बंकिम चन्द्र चटर्जी ने अपने उपन्यास 'आनन्द मठ' में प्रकाश डाला ?

(1) भील विद्रोह

(2) बिष्णुपुर विद्रोह

(3) सन्यासी विद्रोह

(4) संथाल विद्रोह

55. निम्न में से किस क्षेत्र में कूका आन्दोलन हुआ ?

(1) बंगाल

(2) पंजाब

(3) केरल

(4) राजस्थान

**56.** भारतीय शिक्षा से संबंधित निम्नलिखित विधायन/आयोग को कालानुक्रम व्यवस्थित कीजिये :

(i) इंडियन युनिवर्सिटीज़ एॅक्ट

(ii) चार्ल्स वुड डिस्पॅच

(iii) युनिवर्सिटी ग्रॉँट्स कमिशन (आयोग)

(iv) इंडियन एज्युकेशन कमिशन

दिए गए निम्नलिखित कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (iv), (i), (ii), (iii)
(2) (iii), (ii), (i), (iv)
(3) (i), (ii), (iii), (iv)
(4) (ii), (iv), (i), (iii)

**57.** निम्न में से किसने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया ?

(1) पंडित मदन मोहन मालवीय
(2) लार्ड हार्डिंग
(3) महाराजा विभुति नारायण सिंह
(4) लार्ड चेम्सफोर्ड

**58.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन थीं ?

(1) सरोजिनी नायडू
(2) डॉ. एनी बेसेंट
(3) सुचेता कृपलानी
(4) विजय लक्ष्मी पंडित

**59.** भारत में 'मार्शल कम्युनिटीज का' सिद्धांत अंग्रेजों ने निम्न में से किस कारण से विकसित किया ?

(1) ऐंथ्रोपोलोजी के अध्ययन का विकास करने
(2) 1857 के विद्रोह के बाद जातीय समुदायों के आधार पर सेना की भर्ती हेतु लोगों की पहचान करने
(3) पहलवानी एवं खेलकूद को विकसित करने
(4) नई जातियों का सृजन करने

**60.** ब्रिटिश सेना के किस कमाण्डर ने पोर्टो नोवो के युद्ध में हैदर अली को हराया ?

(1) लॉर्ड लेक
(2) आयर कूट
(3) मेजर ब्रोडफुट
(4) लॉर्ड गौफ

**61.** किसके शासन काल में ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने भारत में अपनी पहली फैक्टरी की स्थापना की ?

(1) अकबर

(2) जहांगीर

(3) शाहजहां

(4) औरंगजेब

**62.** कर्नाटिक की लड़ाई निम्न में से किन शक्तियों के मध्य लड़ी गयी ?

(1) ब्रिटिश एवं फ्रांसीसी

(2) ब्रिटिश एवं डच

(3) ब्रिटिश एवं मराठा

(4) ब्रिटिश एवं पुर्तगाली

**63.** गदर पार्टी से प्रेरित होकर सिंगापुर स्थित पांचवी लाइट इनफेंट्री ने निम्नलिखित में से किसके नेतृत्व में विद्रोह किया ?

(1) करतार सिंह सराबा

(2) जमादार चिस्ती खान एवं सूबेदार डुंडे खान

(3) सरदार सिंह राना

(4) लाला हरदयाल

**64.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं। एक को **कथन (A)** और दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है :

**कथन (A)** : कांग्रेस ने 1930 में आयोजित गोलमेज सम्मेलन का बहिष्कार किया।

**कारण (R)** : गांधी-इरविन करार पर हस्ताक्षर होने के बाद कांग्रेस ने सितंबर 1931 में आयोजित दूसरे गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया।

उपरोक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा **सही** है ?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और (R) दोनों सही हैं, किन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है

(3) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है

(4) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है

**65.** **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए **कूट** से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** **(घटना का नाम)** | | **सूची-II** **(घटना का वर्ष)** |
|---|---|---|---|
| (a) | चम्पारन आन्दोलन | (i) | 13 अप्रैल 1919 |
| (b) | जलियांवाला बाग | (ii) | 1917 |
| (c) | सविनय अवज्ञा आन्दोलन | (iii) | 1 अगस्त 1920 |
| (d) | असहयोग आन्दोलन | (iv) | 6 अप्रैल 1930 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**66.** भारतीय दंड संहिता में किस वर्ष में धारा 153-A जोड़ी गयी, जिसके तहत् विभिन्न वर्गों के बीच घृणा उत्पन्न करने के प्रयास को दंडनीय अपराध माना गया ?

(1) 1876
(2) 1884
(3) 1891
(4) 1898

**67.** बिहार में चंपारण के नील मजदूरों की समस्या की जाँच के लिए गाँधी जी को चंपारण जाने के लिए किसने राजी किया ?

(1) बृज किशोर
(2) राज कुमार शुक्ल
(3) राजेन्द्र प्रसाद
(4) आचार्य जे. बी. कृपलानी

**68.** सन् 1900 में किस ब्रिटिश उच्चाधिकारी ने निम्नलिखित शब्दों में टिप्पणी की ?

"कंाग्रेस अपने पतन की ओर लड़खड़ा रही है एवं मेरी सर्वोच्च महत्वाकांक्षाओं में से एक है कि मैं इसके शांतिपूर्ण देहावसान में सहायता करुँ।"

(1) लॉर्ड डफरिन
(2) लॉर्ड कर्ज़न
(3) लॉर्ड हार्डिंग
(4) लॉर्ड विलिंगडन

**69.** खालसा भ्रातृसंघ की स्थापना करके किसने सिखों को एक सैन्य संस्था में रुपांतरित किया था ?

(1) गुरु हरगोबिंद

(2) गुरु तेग बहादुर

(3) रंजीत सिंह

(4) गुरु गोबिंद सिंह

**70.** सन् 1878 में राजामुंदरी समाज सुधार संस्था किसने प्रारंभ की ?

(1) रामा आयंगर

(2) सेशा आयंगर

(3) के. विरेसलिंगम पंतलु

(4) रबगुंडाई रघुनाथ राव

**71.** निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही **नहीं** है ?

(1) सामंतवादी शासक वर्ग की विशेष आवश्यकताएं थीं जिनका बाज़ार से संबंध नहीं था।

(2) पश्चिमी यूरोप का सामंतवादी समाज एक प्रकार की श्रेणीबद्ध–प्रणाली में विकसित हो गया था जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का वर्गीकरण के अनुसार स्थान नियुक्त किया जाता था।

(3) अर्द्धदास (serf) के कर्तव्यों एवं बाध्यता का संबंध सामंतवाद का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष था।

(4) सामंतवादी व्यवस्था का अर्थ था बहुत से निर्धन लोगों का शक्तिशाली लोगों द्वारा ज़ोरदार ढंग से आर्थिक शोषण/नियंत्रण।

**72.** मार्क ब्लॉक के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सी यूरोपीय सामंतवादी संस्था की विशेषता **नहीं** थी ?

(1) सेवक बस्तियों (जैसे कि फीफ़) का व्यापक प्रयोग

(2) विशेषज्ञ सैनिकों के वर्ग की सर्वोच्च स्थिति

(3) राजनीतिक संरचना का केन्द्री करण

(4) सामंत तथा उनके अधीनस्थ के बीच आज्ञाकारिता तथा सुरक्षा का संबंध

**73.** निम्नलिखित में से कौन सी शर्त को द्वितीय विश्व युद्ध में जापान की पराजय के बाद आरोपित नहीं किया गया ?

(1) जापान पर अमेरिका का कब्जा

(2) जापान के आर्थिक दायरे में ज़ायबतसूस का अंत

(3) जापान की शासन व्यवस्था का सैन्य शासन से जनतांत्रिक व्यवस्था में बदलना

(4) युद्ध के अपराधों के लिए जापान के सम्राट पर मुकदमा चलाना तथा अपराधी ठहराया जाना

**74.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(1) प्रथम विश्व युद्ध में जापान के औपचारिक प्रवेश ने वरसाई सम्मेलन में जापान को विजेता के स्थान का हकदार बना दिया।

(2) वरसाई में जापान को चीन में जर्मनी की पूर्व अभिरुचियाँ प्रदान की गयीं, जो चीन ने इनकार कर दीं।

(3) सन् 1934 में लीग ऑफ नेशन्स से छोड़कर जाने वाला प्रथम देश जापान था।

(4) सन् 1937 का चीनी–जापानी मतभेद एक सुविस्तृत युद्ध में परिवर्तित होने में विफल हो गया।

**75.** निम्नलिखित में से कौन सा, जापान ने 1894 में चीन पर अपनी असाधारण विजय के पश्चात् अर्जित **नहीं** किया ?

(1) 30 मिलियन टेल्स (taels) की विशाल हर्जाने की रकम

(2) फारमोसा (तायवान) पर जापान का अधिकार

(3) साखालिन द्वीपों का अधिकार

(4) लिआओडोंग प्रायद्वीप का अधिकार

**76.** जापान द्वारा 1931 में किस क्षेत्र पर कब्ज़ा, पश्चिमी ताकतों द्वारा अपेक्षाकृत चुनौतीरहित रहा ?

(1) कोरिया

(2) मनचूरिया

(3) साखालिन द्वीप

(4) कियातुंग प्रायद्वीप

**77.** आधुनिक जापानी इतिहास में 'ज़ायबतसू' शब्द का क्या अर्थ है ?

(1) नवीन समुराईयों का एक वर्ग

(2) सैन्य वर्ग

(3) प्रशासनिक वर्ग

(4) आर्थिक व्यापारिक परिवारों का वर्ग

**78.** निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता मेजी पुर्नस्थापना की **नहीं** है ?

(1) शासन की डुल व्यवस्था जो कि सम्राट एवं शोगन की थी, समाप्त हो गई

(2) राष्ट्रीय शासन का बढ़ना

(3) सतसुमा, चोशु, टोसा और हाइज़ेन सेना-नायक (warlord) आपस में लड़ते रहे

(4) जापान की पृथक्करण नीति का अंत

**79.** चीन में कब, चिंग राजवंश की सेनाओं ने ताइपिंग विद्रोहियों का दमन किया ?

(1) 1852

(2) 1864

(3) 1872

(4) 1879

**80.** किस प्रकार के व्यक्ति भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित नहीं थे ?

(1) साम्राज्यवादी

(2) नरमपंथी

(3) साम्यवादी

(4) स्वराजवादी